मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 68, मुंबई, सोमवार, 30 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई में अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने दिलशाद एस. खान सहित कई हस्तियों को किया सम्मानित



(समाचार पृष्ठ 7 पर)

# महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र आज से



## 12 विधेयक पेश करेगी सरकार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू होने जा रहा है, इस सत्र में 12 विधेयक पेश किए जाएंगे। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सह्याद्री गेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत की। इस बैठक में सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार राज्य को विकास की ओर ले जाने की दिशा में काम कर रही है। सरकार ने इस सत्र में आम लोगों के मुद्दों को हल करने के लिए विस्तृत चर्चा करने के उद्देश्य से तीन सप्ताह का सत्र प्रस्तावित किया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

**सदन का समय बर्बाद न हो :** विधानमंडल के सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मुद्दे उठाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा और इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि सदन का एक भी मिनट बर्बाद न हो। मंत्रिमंडल ने कल से तीन सप्ताह के मानसून सत्र में पेश की जाने वाली पूरक मांगों को मंजूरी दे दी है और उन्हें सदन में पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि इस साल पहली बार जून महीने में अच्छी बारिश होने के कारण राज्य में बांध का जल भंडारण अच्छा है। हालांकि, राज्य में कुछ स्थानों पर बारिश के कारण नुकसान हुआ है। इस नुकसान का पंचनामा करने के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार बलिराजा के साथ मजबूती से खड़ी है।

# महाराष्ट्र में ठाकरे एक ब्रांड है

## संजय राउत ने कहा- हम जब साथ आयेंगे तब...



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने हिंदी अनिवार्यता वाला आदेश वापस ले लिया है। विपक्ष का दावा है कि उनके दबाव में आकर सरकार को अपने फैसले से पीछे हटना पड़ा। इस बीच उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने बिना नाम लिए महायुति सरकार पर निशाना साधा है। संजय राउत ने कहा, हम जब जब साथ आयेगें आपको पीछे हटना पड़ेगा। अब देखिये महाराष्ट्र में आगे-आगे होता क्या है। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में ठाकरे एक ब्रांड है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने जब संयुक्त मार्च निकालने की घोषणा की तो सरकार सकते में आ गई। महाराष्ट्र के कोने-कोने से लाखों लोगों के आने की उम्मीद थी। समिति अब क्यों बनाई गई? दोनों ठाकरे भाइयों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम तीसरी भाषा स्वीकार नहीं करेंगे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मध्य वर्ग और मकान

**भारतीय शहरों में 2022 में एक करोड़ रुपये से कम कीमत के 3.1 लाख फ्लैट्स बिक्री के लिए उपलब्ध थे। 2024 में ये संख्या महज दो लाख बची। उधर एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले मकानों की आपूर्ति 48 प्रतिशत बढ़ गई।**

अपेक्षाकृत सस्ते फ्लैट्स को खरीदने की क्षमता रखने वाले मध्य वर्ग की पहुंच से मकान दूर होते जा रहे हैं। ऐसे फ्लैटों की उपलब्धता का अध्ययन करते हुए रियल एस्टेट एनालिटिक्स फर्म- प्रोप-ईक्विटी इस निष्कर्ष पर पहुंची है। फर्म ने एक करोड़ रुपये तक की कीमत वाले फ्लैट्स को मध्य आय वाले परिवारों के लिए एफॉर्डेबल (यानी उनकी पहुंच में) माना है। जबकि इस रकम के फ्लैट भी भारतीय आबादी के बहुत ही छोटे हिस्से की पहुंच में हैं। बहरहाल, अब इनके निर्माण पर भी बिल्डरों का ध्यान नहीं है। इसका कारण अधिक महंगे फ्लैट्स से मिलने वाला मुनाफा है या एफॉर्डेबल फ्लैट्स के खरीदारों की संख्या में गिरावट, इस सवाल का जवाब प्रोप-ईक्विटी की रिपोर्ट से नहीं मिलता। मगर जितनी जानकारी इससे मिली है, वह भी काफी चिंताजनक है। उससे यह निष्कर्ष तो आसानी से निकलता है कि भारत में मध्य वर्ग और बाजार दोनों का विस्तार नहीं हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में 2022 में एक करोड़ रुपये से कम कीमत के 3.1 लाख फ्लैट्स बिक्री के लिए उपलब्ध थे। 2024 में ये संख्या महज दो लाख रही। पिछले साल ऐसे फ्लैट्स की आपूर्ति में 30 प्रतिशत की गिरावट आई। इसी अवधि में एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले मकानों की आपूर्ति 48 प्रतिशत बढ़ी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और बंगलुरू में तो महंगे फ्लैट्स की आपूर्ति बढ़ कर दो गुना हो गई। डेवलपर्स कहना है कि महंगे फ्लैट के खरीदार कीमत को लेकर आग्रही नहीं होते। वे मोल-भाव कम करते हैं। इसलिए कि यह तबका जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि निवेश के नजरिए से रियल एस्टेट में पैसा लगता है। अतः भारत में आज महंगे मकान बेचना अधिक आसान हो गया है। जाहिर है, बिल्डरों की प्राथमिकता एफॉर्डेबल फ्लैट बनाना नहीं है। तो कंल्सटैंट फर्म एनारॉक ग्रुप का अनुमान है कि भारतीय शहरों में फिलहाल एफॉर्डेबल फ्लैट्स की कमी एक करोड़ तक पहुंच चुकी है।

# बढ़ी हुई मतदाता संख्या को लेकर कांग्रेस का दिखावा भी बुरी तरह फेल होगा! - रविंद्र चव्हाण का कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी पर हमला

**ठाणे/नवी मुंबई।** राहुल गांधी और महाविकास अघाड़ी के नेता बार-बार बढ़ी हुई मतदाता संख्या पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन जैसे भाजपा के विजयी क्षेत्रों में मतदाता संख्या बढ़ी है, वैसे ही महाविकास अघाड़ी के भी कई विजयी क्षेत्रों में मतदाता बढ़े हैं। इसके बावजूद राहुल गांधी और विपक्षी नेता बढ़े हुए मतदान को लेकर हल्ला मचा रहे हैं। विपक्षी दल चाहे जितनी भी अफवाहें फैलाएं, लेकिन पहले जैसे 'संविधान बचाओ' और 'EVM हटाओ' जैसे दिखावटी प्रयोग ध्वस्त हुए, वैसे ही अब बढ़ी हुई मतदाता संख्या का यह दिखावा भी पूरी तरह फेल होगा, क्योंकि कांग्रेस के इन झूठे बहानों को महाराष्ट्र की जनता बहकने वाली नहीं है, ऐसा जोरदार प्रत्युत्तर भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक रविंद्र चव्हाण ने विपक्ष को दिया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और अन्य नेता लगातार यह दावा कर रहे हैं कि महाराष्ट्र में लाखों-करोड़ों मतदाता बढ़ गए हैं, इसी संदर्भ में विधायक रविंद्र चव्हाण ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। विधायक रविंद्र चव्हाण ने आगे कहा, ₹पिछले 11 वर्षों में देशवासियों को आतंकवाद, नक्सलवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और चापलूसी से मुक्ति मिली है। देश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। वंदे भारत जैसी आधुनिक रेलगाड़ियां दौड़ रही हैं। मेट्रो नेटवर्क दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। अच्छी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और उच्च गुणवत्ता की शैक्षणिक सुविधाएं भी विकसित हो रही हैं। औद्योगिक विकास से रोजगार को बड़ी गति मिली है। एक तरफ विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर विरासत और संस्कृति को भी संरक्षित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने हर संकल्प को सिद्ध करते हुए जनता का अटूट विश्वास जीता है। इसलिए ही जनता ने राष्ट्र और महाराष्ट्र की बागडोर 'नरेंद्र-देवेंद्र' की जोड़ी को सौंपी है। लेकिन बार-बार हार के बाद भी विपक्ष ने अभी तक आत्मचिंतन नहीं किया है। पहले वे अपनी हार का दोष EVM पर डालते रहे। लेकिन जब कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी जीत गए, तब उन्होंने इसका श्रेय कभी EVM को नहीं दिया। कांग्रेस का यह ढोंग जनता की नजरों में आ चुका है और विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को जबरदस्त झटका लगा। उसके बाद राहुल गांधी और विपक्ष ने बढ़ी हुई मतदाता संख्या का मुद्दा उठाना शुरू किया। लेकिन जहां महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार जीते, जैसे पश्चिम नागपुर, उत्तर नागपुर, पुणे के वडगांव-शेरी, मुंबई का मालाड पश्चिम, मुंब्रा जैसे विधानसभा क्षेत्रों में भी मतदाता संख्या में वृद्धि हुई थी। लेकिन उन क्षेत्रों पर राहुल गांधी कभी कुछ नहीं कहते, क्योंकि उनका उद्देश्य लोगों को गुमराह करके अपने राजनीतिक हित साधना है। इसलिए बढ़ी हुई मतदाता संख्या को लेकर कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी वाले जितनी भी अफवाहें फैलाएं, जनता उनकी असलियत को पहचान चुकी है। इसलिए कांग्रेस के इन झूठे बहानों से अब महाराष्ट्र बहकने वाला नहीं है, महाराष्ट्र अब रुकने वाला नहीं है, ऐसा दृढ़ संकल्प विधायक रविंद्र चव्हाण ने इस मौके पर व्यक्त किया। राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' के फर्जी नैरेटिव पर भी विधायक रविंद्र चव्हाण ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने 'संविधान बचाओ' के नाम पर झूठा नैरेटिव फैलाने की भरपूर कोशिश की। वे हर जगह एक ही झूठ को बार-बार दोहराते रहे। लेकिन अब दुनिया को पता चल चुका है कि राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' नहीं बल्कि 'नफरत की मकान' हैं। लोकसभा चुनाव के समय हिंदू-विरोधी शक्तियां एकजुट हो गई थीं और जिहादी फतवों के जरिए संगठित मतदान हुआ। धर्मांध और देशद्रोही ताकतों का समर्थन करना, यही कांग्रेस की नीति रही है, जिससे भारत में जिहादी विचारधारा को बढ़ावा मिला है और महाराष्ट्र के मतदाता को लगने लगा कि 'बटेंगे तो कटेंगे' यही भविष्य का संकट होगा। लोकसभा में भाजपा की सीटें कम हुईं तो भाजपा कार्यकर्ता और जोश में जुट गए। हर कार्यकर्ता ने पूरी मेहनत से अपना बूथ मजबूत किया। संगठन, कार्यकर्ता और समर्थकों के विशाल नेटवर्क के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मजबूत समर्थन भाजपा को मिला। इसीलिए मतदाता जागृत हुआ। 'जागो तो एक बार, हिंदू जागो तो', यह विचार हवा की तरह फैल गया। 'एक है तो सेफ है', यह बात सबको समझ में आ गई। इसी का परिणाम महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि हरियाणा और दिल्ली में भी भगवा लहर के रूप में सामने आया। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, दक्षिण में अण्णा मलाई, तेजस्वी सूर्या, पूर्वांचल में हेमंत बिस्वा शर्मा, केंद्र में नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव, एस. जयशंकर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराजसिंह चौहान जैसे भाजपा परिवार के समर्थ नेतृत्व की टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए संघर्षरत हैं। वहीं कांग्रेस गांधी परिवार की गुलाम बन गई है और पवार गुट, उबाठा गुट, तृणमूल जैसे इंडिया गठबंधन के दल वंशवाद की देन हैं और 'फैमिली बिजनेस' बनकर रह गए हैं। देश अब इस वंशवाद से पूरी तरह तंग आ गया है, ऐसा रविंद्र चव्हाण ने स्पष्ट रूप से कहा।

# ईशान मसीह और काजोल दास स्टारर म्युज़िक वीडियो तोता तोता हुआ लॉन्च, डायरेक्टर Sushma Sunam




**सोशल मीडिया** स्टार ईशान मसीह और काजोल दास स्टारर म्युज़िक वीडियो तोता तोता मुम्बई के अजूरो एनएक्स क्लब में भव्य रूप से लांच किया गया, जिसकी डायरेक्टर सुषमा सुनाम Sushma Sunam हैं. मर्लिन मैजिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बने इस डांस नम्बर सांग के प्रोड्यूसर अभिनव श्रीवास्तव हैं. गाने के गीतकार संगीतकार सावन कुमार और गायक रॉकिंग सावन कुमार हैं. Tota Tota के लॉन्च पर एल्बम से जुड़ी पूरी टीम के साथ अभिनव श्रीवास्तव के गुरुजी नीरज शर्मा, नीरज श्रीधर, जैनब पत्रा सहित कई सोशल मीडिया इनफ्लूएनसर और गेस्ट्स उपस्थित थे. एक शानदार केक काटकर इस सांग लांच का जश्न मनाया गया. ईशान मसीह और काजोल दास के साथ साथ डायरेक्टर सुषमा सुनाम ने भी इस गाने पर खूब डांस किया. गाना क्लब में लगातार बजता रहा जिसपर सभी झूमने पर मजबूर हुए. प्रोड्यूसर अभिनव श्रीवास्तव के बड़े भाई नीरज शर्मा विशेष रूप से यहां मौजूद थे. नीरज शर्मा कई रिएलिटी शोज के प्रोड्यूसर हैं और अभिनव श्रीवास्तव उन्हें गुरुजी मानने हैं जिन्होंने अभिनव को निर्माता बनने मे काफी स्पोर्ट किया. डायरेक्टर सुषमा सुनाम ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जैसे ही उन्होंने तोता तोता गीत सुना उन्हें लगा कि यह बहुत चलने वाला गाना है. ईशान और काजोल दास ने इस मे ग़ज़ब का अभिनय और डांस किया है. प्रोड्यूसर अभिनव श्रीवास्तव भी इस गाने को लेकर काफी उत्साहित हैं. उन्होने कहा कि ईशान को जब यह गाना करने को कहा तो वह तुरन्त तय्यार हो गए. उन्होने पूरी एनर्जी से इस मे डांस किया है. य़ह पेपपी नम्बर है जिसपर लोग झूमने नाचने वाले हैं. इसके बाद मैं ईशान और जैनब के साथ एक जबर्दस्त वीडियो प्रोड्यूस करने जा रहा हूं.

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# शिवसेना उद्धव ठाकरे वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र के आमदार हारुन खांन की जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के हाथों से हुआ संपन्न

**संववाददाता शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र के आमदार हारुन खांन का शिवसेना उद्धव ठाकरे जनसंपर्क कार्यालय का वर्सोवा में आज तारीख 28 जुन 2025 को शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के हाथों से रिबीन काट कर किया गया। इस मौके पर युवा नेता आदित्य ठाकरे, अनील परब, मिलिंद नार्वेकर, अजय कॉल,




अमोल किर्तिकर, उपस्थित रहे। साथ में वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र के शिवसेना कार्यकर्ता बड़ी तादाद में मौजूद रहे। उद्धव ठाकरे हारुन खांन को मुबारकबादी देते हुए बताया कि वर्सोवा की जनता ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गट को चुनाव में बड़ी जीत दिलाई है जिसके लिए मैं वर्सोवा की जनता का खुब आभारी हूं। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों के मनोरंजन के लिए म्युजिक पार्टी का आयोजन किया गया। भरी बारिश में भी लोग डटे रहे। आए सभी महेमानों ने हारुन खांन को गुलदस्ता देकर मुबारकबादी दिए।

# सांगली जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ली विश्व नशा विरोधी दिवस पर शपथ

**सांगली।** सांगली जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से सांगली सहित सांगली जिले के सभी तहसील में विश्व नशा विरोधी दिवस पर ली शपथ। हमारे भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा उन्हें नशे की लत से हतोत्साहित करना तथा उनका उचित मार्गदर्शन करना फार्मासिस्टों का कर्तव्य मानते हुए यह दिवस मनाया गया। युवाओं को शराब, सिगरेट, नशीली दवाओं की लत से हतोत्साहित करने तथा इस संबंध में जागरूकता पैदा करने का संकल्प लिया गया। कुछ युवा नशे के आदी हो जाते हैं तथा इसके कारण उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है। नशे की



लत तथा लंबे समय तक नशीली दवाओं के सेवन से उच्च रक्तचाप, यकृत रोग, कैंसर होने का खतरा रहता है। कुछ युवा नशे की लत में पड़कर हिंसक हो जाते हैं तथा अपराधी बन जाते हैं। यदि कोई नशीली दवाएं बेच रहा है तथा यह देखा गया तो हम ऐसी गतिविधियों को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता पैदा करेंगे तथा बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कोई भी नशीली दवा नहीं बेचेंगे तथा हम सभी भारत तथा महाराष्ट्र को नशे से मुक्त बनाने का प्रयास करेंगे। इसमें महाराष्ट्र राज्य औषधि व्यवसायी परिषद के सदस्य तथा महाराष्ट्र राज्य केमिस्ट एसोसिएशन के संपर्क प्रमुख विजय पाटिल के मार्गदर्शन में पश्चिम विभाग उपाध्यक्ष विनायक शेटे, सांगली जिला अध्यक्ष भरत सावंत, सचिव दीपक मगदुम, कोषाध्यक्ष सचिन साकले, सभी कार्यकारिणी सदस्य तथा सभी तहसील अध्यक्षों ने अपने-अपने विभाग में योजना बनाई।

# रमझान शेख का रास्ते में गिरे पेड़ को हटवाकर ट्राफिक ठीक करने में तत्काल हस्तक्षेप



**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण, शहर में कई स्थानों पर बाधाएं आई हैं। ऐसी ही एक घटना में, कल रात को खारघर सेक्टर ३४ क्षेत्र में एक सड़क पर एक पेड़ के गिरने से ट्राफिक की समस्या बन गई थी। एनसीपी-कांग्रेस-शरदचंद्र पवार पार्टी के नेता रमझान शेख ने इस स्थिति का पता चलते ही तुरंत घटनास्थल पर चले गए। यातायात की भीड़ के कारण, नागरिकों को बहुत कुछ पीड़ित होना पड़ा। समस्या की गंभीरता के मद्देनजर, रमझान शेख ने पनवेल महानगरपालिका प्रशासन से संपर्क किया। उनके अनुरोध का जवाब देते हुए, पनवेल महानगरपालिका अधिकारी कुणाल गाइकवाड़ ने पेड़ को हटाने के लिए आवश्यक जनशक्ति और सामग्री भेजी। उनके सहयोग के साथ, पेड़ को हटाने के तुरंत बाद पेड़ को हटा दिया गया था और यातायात को बहाल कर दिया गया था। इस क्षेत्र के नागरिकों ने इस तत्काल कारवाई के लिए रमझान शेख ने पनवेल महानगरपालिका अधिकारियों कुणाल गाइकवाड़, ओमकार गाइकर और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। यह एक बार फिर से रेखांकित किया गया है कि नागरिकों की समस्याओं को देखने के लिए समय में हस्तक्षेप करना लोगों के प्रतिनिधियों का सच्चा काम है।




# मुंबई के अंधेरी वेस्ट लिंक रोड पर 3 एम कार केर स्टुडियो में लगी भयानक आग

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी वेस्ट लिंक रोड पर 3 एम कार केर स्टुडियो में आज सुबह लगी भयानक आग। दमकल विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ी यां तैनात। कोई जान हानी नहीं। आग लगने की वजह पता नहीं चला है स्टूडियो के ठिक बाजु में केफे सिमला होटल है जहां सुबह में लोग नाश्ता कर रहे थे और अचानक आग लगी वैसे ही सिमला होटल को खाली करवा दिया गया और आस पास की सभी दुकानों को भी खाली करवा दिया गया दोपहर तकरीबन 1.45 बजे तक आग बुझाने का प्रयास जारी रहा और आग को पुरी तरह से काबु में लाया गया।

# शानउल्ला खान को ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का शहडोल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**शहडोल।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के राष्ट्रीय संरक्षक समसुल हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश खान, प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरैशी, राष्ट्रीय सचिव राशिद खान की अनुशंसा पर शहडोल जिले के वरिष्ठ समाजसेवी सामाजिक क्षेत्रों में वर्षों से कार्य करने वाले शानउल्ला खान को शहडोल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शानउल्ला खान, अति शीघ्र पूरे जिले में कमेटी गठित करेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी जाति धर्म के सम्मान करते हुए समय-समय पर होने वाले त्यौहार, उत्सव पर ऑल इंडिया त्योहार कमेटी त्योहारों को शानदार तरीके से मनाने के लिए आम लोगों को प्रेरित करेगी और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करें। नियम अनुसार और त्योहारों के मौके पर होने वाले प्रोग्राम का विशेष तौर पर ख्याल रखा जाएगा। समय-समय पर शासन की गाइडलाइन के अनुसार त्योहारों के प्रोग्राम को विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा। शानउल्ला खान ने कहा है की ऐसी उम्मीद है कि इससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र आज से

इस सत्र में कुल 12 विधेयक पेश किए जाएंगे और एक लंबित विधेयक और संयुक्त समिति के एक विधेयक पर भी चर्चा की जाएगी। सीएम फडणवीस ने बताया कि जून महीने में राज्य में बारिश की स्थिति संतोषजनक है और बुवाई भी अच्छी हुई है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था काम कर रही है और कुछ जगहों पर शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर सरकार का ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार जनभावना का सम्मान करती है तथा राज्य सरकार आम आदमी की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करती है। स्टार्टअप, जीडीपी, विदेशी निवेश आदि में महाराष्ट्र अग्रणी है। दावोस में अब तक 20 लाख करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें से 70 से 80 प्रतिशत पर सीधे कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत के उद्देश्य को पूरा करने में महाराष्ट्र आगे है। राज्य में मराठी भाषा को पहले से ही अनिवार्य बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदी भाषा अनिवार्य नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता वाली समिति विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा लाड़की बहिन योजना लागू की जा रही है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन प्यारी बहनों के अगली किस्त के लिए 3600 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की गई है। कल से यह राशि उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री श्री पवार ने कहा कि राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। सरकार का रुख यह रहेगा कि सत्र में पेश किए जाने वाले हर विधेयक पर गहन चर्चा की जाए और बिना चर्चा के कोई भी विधेयक पारित न किया जाए।

### महाराष्ट्र में ठाकरे एक ब्रांड है

मराठी लोगों की एकता देवेंद्र फडणवीस की इच्छा पर निर्भर नहीं है। अगर देवेंद्र फडणवीस और प्रफुल पटेल, मिंधे, हसन मुश्रीफ एक साथ आ सकते हैं, तो दो भाइयों के एक साथ आने पर आपके पेट में दर्द क्यों होता है? संजय राउत ने कहा, आपने सरकार बनाने के लिए जो भ्रष्ट हथकंडे अपनाए हैं, उन पर अपनी राय जाहिर करें। एक ही विचारधारा के दो नेता एक साथ आते हैं, आपको बेचैनी हो रही है, यह साफ है कि आप विफल हो गए हैं, अब आपका क्या है? एकनाथ शिंदे देवेंद्र फडणवीस को भ्रष्ट नेता कह रहे थे। फडणवीस अजित पवार के लिए जेल जा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी प्रफुल्ल पटेल को दाऊद इब्राहिम का गुर्गा कह रहे थे। हमें बेवजह अतीत में मत ले जाइए। कौन खत्म हो गया? कौन बचा है? कौन आगे बढ़ रहा है, यह तो समय ही बताएगा। भाजपा की झूठ बोलने की राष्ट्रीय नीति है। महाराष्ट्र की जनता इसी के अनुसार काम कर रही है। अगर उद्धव ठाकरे ने कोई रिपोर्ट तैयार की है तो उसे सामने लाएं। अगर कोई रिपोर्ट सामने आई है तो क्या उस पर कैबिनेट में चर्चा नहीं हो सकती? राज्य से पहले राष्ट्रीय नीति पर चर्चा जरूरी है। देवेंद्र फडणवीस तीन बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं, क्या उन्हें इतना भी नहीं पता? यह कहकर संजय राउत ने फडणवीस पर सवालिया निशाना साधा।

# लाउडस्पीकर प्रतिबंध के बीच मुंबई में अब ऐप के जरिए घर-घर पहुंच रही डिजिटल अज़ान

मुंबई हलचल / मुंबई

लाउडस्पीकरों के उपयोग पर सख्ती के बीच, मुंबई की छह मस्जिदों ने एक अनूठा डिजिटल समाधान अपनाया है। ये मस्जिदें अब एक समर्पित मोबाइल ऐप के माध्यम से 'अज़ान' को श्रद्धालुओं तक पहुंचा रही हैं, जो वास्तविक समय में प्रार्थना के आह्वान को सीधे मोबाइल फोन पर प्रसारित करता है। यह पहल न केवल तकनीकी नवाचार को दर्शाती है, बल्कि सामुदायिक संवेदनशीलता और धार्मिक परंपराओं के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश भी है। ऐप एंड्रॉयड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है और तिरुनेलवेली के आईटी पेशेवरों की एक टीम द्वारा विकसित किया गया है।


### तमिलनाडु की कंपनी ने बनाया ऐप

तमिलनाडु की एक कंपनी द्वारा विकसित यह ऑनलाइन अज़ान ऐप, श्रद्धालुओं को घर बैठे अज़ान सुनने की सुविधा प्रदान करता है। माहिम जुमा मस्जिद के प्रबंध ट्रस्टी फहद खलील पठान ने बताया, यह पहल लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पुलिस की सख्ती के बाद की गई है। यह निःशुल्क ऐप विशेष रूप से रमज़ान जैसे पवित्र महीनों और उन अवसरों पर उपयोगी है, जब सार्वजनिक घोषणाएं प्रतिबंधित होती हैं। ऐप एंड्रॉयड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है और तिरुनेलवेली के आईटी पेशेवरों की एक टीम द्वारा विकसित किया गया है।

## ऐप तिरुनेलवेली के आईटी पेशेवरों की एक टीम द्वारा विकसित किया गया

### कैसे काम करता है यह ऐप?

*ऐप यूजर्स को अपनी नजदीकी मस्जिद चुनने की सुविधा देता है। एक बार कॉन्फ़िगर करने के बाद, यह स्वचालित रूप से अज़ान के समय लाइव ऑडियो स्ट्रीम प्रसारित करता है। पठान ने कहा, जो श्रद्धालु ध्वनि प्रतिबंधों के कारण शारीरिक रूप से अज़ान नहीं सुन सकते, वे अब इस ऐप के ज़रिए इसे वास्तविक समय में सुन सकते हैं। ऐप स्मार्ट वॉच की तरह अलर्ट सिस्टम के रूप में भी काम करता है, जो प्रार्थना के समय की सूचना देता है।*




### बड़ी संख्या में लोग करा रहे पंजीकरण

श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की है. पठान ने बताया, पिछले तीन दिनों में ही, हमारी मस्जिद के पास के 500 निवासियों ने ऐप पर पंजीकरण कराया है। मुंबई की छह मस्जिदें इस ऐप के भारत-स्थित सर्वर से जुड़ी हैं। उपयोगकर्ता केवल ऐप डाउनलोड कर, अपना इलाका और मस्जिद चुनकर लाइव अज़ान नोटिफिकेशन प्राप्त कर सकते हैं।

### ध्वनि नियमों का पालन

पठान ने स्पष्ट किया, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने लाउडस्पीकरों को हटाने का आदेश नहीं दिया है, बल्कि स्वीकार्य ध्वनि सीमा तय की है - दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल। इसके जवाब में, मस्जिदों ने स्वेच्छा से लाउडस्पीकर बंद किए और छोटे बॉक्स स्पीकर अपनाए। हालांकि, ये स्पीकर पारंपरिक लाउडस्पीकरों जितनी दूर तक आवाज नहीं पहुंचाते, जिसके कारण ऐप एक प्रभावी विकल्प बनकर उभरा।

## खबर संक्षेप

### कुल्लू में नदी में गिरी कार मां-बेटी की मौत, पिता घायल



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में लारजी-सैंज मार्ग पर पागल नाले के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां और तीन साल की मासूम बेटी की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज बहाव और संकरी सड़क के बीच यह हादसा एक परिवार के लिए त्रासदी बन गया। हादसे के बाद राहत और बचाव में जुटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्ची का शव घटनास्थल से ही बरामद कर लिया गया, जबकि महिला का शव करीब दो किलोमीटर दूर बिहाली गांव के पास से नदी से निकाला गया।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में कम से कम 37 की मौत

**दार उस सलाम (तंजानिया)।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दुर्घटना में कम से कम 37 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज से हुई पुष्टि : आरोपी छात्रा को जबर्दस्ती गार्ड रूम ले जाते दिखे

# मुख्य आरोपी के फोन से मिला रेप का वीडियो शेयर किया गया या नहीं, जांच रही पुलिस

मुंबई हलचल / कोलकाता

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में 24 वर्षीय छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी, कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ताओं ने बताया कि मुख्य आरोपी के फोन से प्राप्त अपराध का वीडियो इस मामले में निर्णायक सबूत हो सकता है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या यह वीडियो साझा किया गया अथवा नहीं। वहीं छात्रा से गैंगरेप मामले में कॉलेज सीसीटीवी में 25 जून की दोपहर 3:30 बजे से रात 10:50 बजे तक करीब 7 घंटे की फुटेज हैं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि कैमरे में पीड़ित छात्रा को गार्ड के कमरे में जबर्दस्ती ले जाने की घटना कैद हुई है। इससे छात्रा की लिखित शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है। पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन सहायक पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया है। अन्य छात्रों, जो यूनियन रूम के पास थे, से भी पूछताछ होगी।

### 'कॉलेज में छेड़छाड़ और मारपीट करता था मनोजीत

पश्चिम बंगाल में हुए गैंगरेप के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के पूर्व बैचमेट तितास मन्ना ने बताया कि मनोजीत महिला छात्राओं से छेड़छाड़, बदसलूकी, छात्रों से मारपीट, वसूली जैसी कई घटनाओं में शामिल रहा है लेकिन उसके राजनीतिक दबदबे के कारण लोग शिकायत दर्ज कराने से डरते थे। एक वारदात के बाद मनोजीत कुछ समय के लिए अंडरग्राउंड भी हो गया था। कॉलेज के छात्रसंघ ने कार्यक्रमों में उसकी हिस्सेदारी पर बैन लगा दिया था। बावजूद इसके मनोजीत कैंपस में अपनी हरकतें जारी रखीं और इस घटना को अंजाम दिया।




**'रेपिस्ट को मिले फांसी की सजा...', मुख्य आरोपी की पुरानी पोस्ट वायरल :** लॉ कॉलेज में हुए गैंगरेप केस से एक साल पहले हुए कोलकाता के आरजी कर रेप और हत्याकांड की यादें ताजा कर दी हैं। दिलचस्प यह है कि हाल के लॉ कॉलेज रेप मामले के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा ने आरजी कर रेप मामले में दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की थी। उसने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'बलात्कारी को फांसी दी जाए, मुझे न्याय चाहिए, नाटक नहीं, मुझे तुरंत न्याय चाहिए, मैं चाहता हूं कि दोषियों को फांसी दी जाए।

### टीएमसी के पूर्व छात्र नेता ने की थी हैवानियत

पुलिस के अनुसार, यह कथित बलात्कार बुधवार, 25 जून को हुआ। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि दो छात्रों, जैब अहमद (19) और प्रमीत मुखर्जी (20), ने उसे जबरन गार्ड रूम में ले जाकर रोक लिया, जहां कॉलेज के अनुबंध कर्मचारी और तृणमूल छात्र परिषद के पूर्व नेता मनोजीत मिश्रा (31) ने बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया, "उन्होंने मुझ पर वीडियो बनाया और उसे चुप कराने के लिए इस्तेमाल किया।

### सुरक्षा गार्ड भी था करतूत में शामिल

शनिवार को गिरफ्तार गार्ड पिनाकी बनर्जी खरदहा का निवासी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "उसके बयान में विसंगतियां पाई गईं, और पीड़िता ने उसके खिलाफ सीधे शिकायत की है। उसकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस 25 जून के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा कर रही है ताकि घटनाओं का क्रम स्थापित हो सके।

### टीएमसी, भाजपा और पुलिस दे रही अपने-अपने बयान

तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि मिश्रा का अब पार्टी से कोई संबंध नहीं है, जबकि विपक्ष ने सरकार पर हमला बोला है। राज्य शिक्षा मंत्री ब्रात्या बसु ने कहा, "मैं स्तब्ध हूं। हम इस घटना की निंदा करते हैं। कॉलेज प्रशासन से रिपोर्ट मांगी गई है।

### क्या बोली पुलिस

कोलकाता पुलिस ने एक्स पर लिखा, "कुछ असामाजिक तत्व इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी हरकतें भ्रामक हैं और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने का इरादा रखती हैं। झूठे कथानकों को दुर्भावनापूर्ण इरादे से फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# इजरायल हमले के आखिरी मास्टरमाइंड अल-इस्सा सहित 81 लोग मारे गए



### इजरायल का सबसे बड़ा हमला, 400 घायल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजरायली सेना ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए बर्बर हमले के आखिरी मास्टरमाइंड को मार गिराया है। इस दौरान उसकी पत्नी और परिजन भी मौजूद थे जो सभी मारे गए। आईडीएफ का यह सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है जिसमें 81 लोग मारे गए और 400 ये ज्यादा लोग घायल हुए। हमास ने कहा है रविवार को दोपहर तक 24 घंटों में गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 81 फिलिस्तीनी मारे गए। आईडीएफ के बयान में बताया गया कि अल-इस्सा हमास की सैन्य शाखा के संस्थापक सदस्यों में था। एक्स पर एक पोस्ट में आईडीएफ ने कहा, इस्सा ने हमास के सैन्य बल के निर्माण, प्रशिक्षण का नेतृत्व करता था।

### पत्नी और पोते के साथ मारा गया

फिलिस्तीनी रिपोर्टों में बताया गया है कि अल-इस्सा के साथ उसकी पत्नी और पाता भी मारा गया है। हालांकि, स्वतंत्र रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। आईडीएफ ने कहा कि वह 7 अक्टूबर के नरसंहार में शामिल सभी आतंकवादियों का पता लगाना और उन्हें खत्म करना जारी रखेगी।

### इजरायल पर हमले में था अहम रोल

*बताया जाता है कि अल-इस्सा ने दक्षिणी इजरायल में 7 अक्टूबर को हुए खूनी हमले में अहम भूमिका निभाई थी। इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली मारे गए थे और करीब 250 इजरायलियों को हमास के आतंकी अगवा करके ले गए थे। इसके बाद इजरायल ने गाजा में अपना सैन्य अभियान शुरू किया जो अब तक जारी है।*

# मानसून सत्र के बाद कम सक्रिय नेताओं की होगी केंद्रीय मंत्रिमंडल से छुट्टी!

### फेरबदल संभव, कुछ मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के मानसून सत्र के बाद अपने मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि सत्र के दौरान ही भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मिल जाएगा। इसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री और उनकी टीम फिलहाल मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा कर रही है। इसी के आधार पर मंत्रिमंडल में बदलाव किए जाएंगे।

### कम सक्रिय मंत्रियों की जा सकती है कुर्सी

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों की रिपोर्ट के मुताबिक, जो मंत्री कम सक्रिय हैं, खासतौर पर जिनकी सोशल मीडिया पर कम मौजूदगी है या सार्वजनिक पहुंच सीमित है, उन्हें हटाया जा सकता है। यही वजह है कि कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। भाजपा ने जुलाई में नए अध्यक्ष का ऐलान करने और अगस्त के दूसरे सप्ताह तक मंत्रिमंडल को नया रूप देने का लक्ष्य रखा है।

### राज्य के अध्यक्ष के नामों का जल्द होगा ऐलान

भाजपा ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में अध्यक्ष की घोषणा नहीं की है। उम्मीद है कि मानसून सत्र से पहले यहां अध्यक्षों का ऐलान हो जाएगा। दरअसल, पार्टी का संविधान कहता है कि जब तक आधे राज्यों में अध्यक्ष नियुक्त नहीं हो जाते, तब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन नहीं हो सकता। 4 से 6 जुलाई तक दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी अहम बैठक है। इसमें नामों पर चर्चा हो सकती है।

### क्यों लग रही मंत्रिमंडल में बदलाव की अटकलें?

प्रधानमंत्री ने तीसरे कार्यकाल के लिए अपनी टीम में कुछ गठबंधन सहयोगियों को समायोजित करने के अलावा कोई बड़ा फेरबदल नहीं किया था। इसके बाद संगठन चुनाव और पहलगाम हमले के चलते बदलाव नहीं हो सके। अब विधानसभा चुनावों को देखते हुए फेरबदल किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि नए भाजपा अध्यक्ष की दौड़ में कुछ चेहरे मंत्रिमंडल में से भी हैं। ऐसे में अगर कोई मंत्री अध्यक्ष बना तो मंत्रिमंडल में फेरबदल होना तय है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ऑपरेशन सिंधु: भारत ने 4400 से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक निकाला





**मुंबई/नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के प्रति त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया के रूप में ईरान और इजरायल से 4,415 भारतीय नागरिकों को निकालते हुए ऑपरेशन सिंधु का पहला चरण पूरा कर लिया है। भारत ने 18 जून को ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की थी, जो कि इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक बड़ी बचाव पहल है। तीन भारतीय वायु सेना सी-17 विमानों सहित 19 विशेष उड़ानों के जरिए बड़े पैमाने पर निकासी की गई है। क्षेत्रीय एकजुटता के संकेत में, भारत सरकार ने पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी मानवीय सहायता प्रदान की है। ईरान से निकाले गए लोगों में 14 ओसीआई कार्डधारक, 9 नेपाली नागरिक, 4 श्रीलंकाई नागरिक और एक भारतीय नागरिक का 1 ईरानी जीवनसाथी शामिल है। विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, तेहरान, येरेवन और अश्गाबात में भारतीय दूतावासों ने भूमि सीमा पार करने सहित निकासी के सुरक्षित मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए निकट समन्वय किया। ईरान से अधिकांश निकासी मशहद के रास्ते से की गई। 18 से 26 जून तक, कुल 3,597 भारतीय नागरिकों को, जिनमें 15 से अधिक भारतीय राज्यों के छात्र, श्रमिक, पेशेवर, तीर्थयात्री और मछुआरे शामिल थे, 15 विशेष निकासी उड़ानों के माध्यम से येरेवन, अश्गाबात और मशहद से वापस लाया गया। इजरायल में ऑपरेशन 23 जून को शुरू हुआ। तेल अवीव, रामल्लाह, अम्मान और काहिरा में भारतीय मिशनों ने जॉर्डन और मिस्र में भूमि सीमाओं के पार भारतीय नागरिकों की आवाजाही को सक्षम करने के लिए मेजबान सरकारों के साथ समन्वय किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 22 से 25 जून के बीच, अम्मान और शर्म अल शेख से तीन आईएएफ सी-17 विमानों सहित चार निकासी उड़ानों के माध्यम से कुल 818 भारतीय नागरिकों को निकाला गया, जिनमें छात्र, श्रमिक और पेशेवर शामिल थे। भारत सरकार ने विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। सरकार ने ऑपरेशन के दौरान उनके सहयोग और समर्थन के लिए ईरान, इजरायल, जॉर्डन, मिस्त्र, आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान की सरकारों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि भारतीय राजनयिक मिशन ईरान, इजरायल और व्यापक पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थानीय अधिकारियों और भारतीय समुदायों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहेंगे ताकि किसी भी उभरते घटनाक्रम की निगरानी और प्रतिक्रिया की जा सके।

## जरूरतमंदो के बीच हैप्पी फाउंडेशन ने वितरित की जीवनोपयोगी वस्तुएँ



**मुंबई।** हैप्पी फाउंडेशन की ओर से रविवार को बोरीवली और कांदिवली में जरूरतमंदो को जीवनोपयोगी वस्तुएँ दी गई।कार्यक्रम का संचालन हैप्पी फाउंडेशन के किशोर मनयाल और अमित मोदी द्वारा बोरीवली के भाजपा विधायक संजय उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया गया था।इस बात की जानकारी हैप्पी फाउंडेशन के किशोर मनयाल ने दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हैप्पी फाउंडेशन ने रविवार को बोरीवली स्थित राजेंद्र नगर और कांदिवली स्थित बाबरेकर नगर इलाके में सैकड़ों जरूरतमंदो के लिए कपड़े, छाता, अन्न सामग्री, किताबों, पेन, कंपास बॉक्स और बिस्किट का वितरण किया गया। रविवार को बोरीवली के राजेंद्र नगर में उक्त कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया था। दोपहर 3 बजे से उक्त कार्यक्रम का आयोजन कांदिवली स्थित बाबरेकर नगर में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगरसेविका आशावरी पाटिल ने भी पूरा सहयोग किया। हैप्पी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोग उपस्थित थे । संस्था द्वारा 200 दर्जन लॉग बुक, 250 परिवारों को छाता, दानदाता अल्पेश नायक की ओर से 1000 पेन, 250 परिवारों को अनाज के बॉक्स, 300 कंपास बॉक्स, 250 कार्टून बिस्किट, कपड़ों इत्यादि का वितरण किया गया।

## मुंबई में भारत के पहले एकीकृत क्वांटम और एआई-सक्षम वेलनेस सेंटर का उद्घाटन करेगी गायत्री एआई

Gayatri-Ai
HOLISTIC WELLNESS POWERED BY AI INNOVATION

**मुंबई।** बुद्धिमान और एकीकृत कल्याण में एक दूरदर्शी नेता, गायत्री एआई 7 जुलाई 2025 को मुंबई स्थित अंधेरी में अपनी अत्याधुनिक कल्याण सुविधा के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है, जो क्वांटम डायग्नोस्टिक्स, एआई-संचालित एनालिटिक्स और गैर-इनवेसिव हीलिंग तकनीकों को एक छत के नीचे लाता है। मेटाट्रॉन एनएलएस, जेड-100 क्वांटम बायो-स्टिमुलेटर, टेस्ला चेयर, प्लाज्माहील एक्स4, क्यूआई कॉइल और उन्नत हाइड्रो-कोलन थेरेपी प्रणालियों जैसी विश्व स्तर पर प्रसिद्ध प्रौद्योगिकियों के अनन्य अधिकारों के साथ, गायत्री एआई वेलनेस सेंटर को वास्तव में समग्र वातावरण में व्यक्तिगत, निवारक और पूर्वानुमानित देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। गायत्री एआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक धर्मप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री एआई में, हम हर व्यक्ति को अपनी सेहत की यात्रा की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह केंद्र उस दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है - जहाँ मानवीय विशेषज्ञता वैज्ञानिक नवाचार से मिलकर महत्वपूर्ण परिणाम देती है। बुद्धिमान स्वास्थ्य प्रोटोकॉल की नींव पर निर्मित यह केंद्र एआई-आधारित स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि, बायो-रेजोनेंस स्कैनिंग और अनुकूलित जीवनशैली योजनाओं को एकीकृत करता है, सभी की देखरेख योग्य डॉक्टरों और स्वास्थ्य सलाहकारों द्वारा की जाती है। लक्ष्यः प्रारंभिक पहचान, गैर-आक्रामक हस्तक्षेप और प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकूलित निरंतर देखभाल। गायत्री एआई की संस्थापक शोभना डीपी त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ.बीमारी का न होना नहीं है, बल्कि संतुलन, जीवन शक्ति और उद्देश्य की मौजूदगी है।उन्होंने आगे कहा, हमारा पारिस्थितिकी तंत्र उस यात्रा को सार्थक रूप से समर्थन देने के लिए प्रौद्योगिकी, अंतर्ज्ञान और करुणा को जोड़ता है।

# मोहर्रम के आयोजन को लेकर अकबरी अखाड़े की मीटिंग आयोजित की गई



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान। भीलवाड़ा।** जिला मुख्यालय पर परंपरागत रूप से मोहर्रम मनाया जाए इसके लिए गुल मंडी स्थित शहर के प्रमुख अकबरी अखाड़े से जुड़ी शहर की सभी मोहर्रम शाखाओं के प्रतिनिधियों की मीटिंग सीरत सराय के सभागार में आयोजित की गई। अखाड़े के उस्ताद आरिफ मोहम्मद मेवाफरोश की सदारत एवं मुस्लिम महापंचायत के प्रधान महासचिव शहजाद खान के मुख्य आतिथ्य तथा सुफियान कब्रिस्तान के सदर असलम पठान की उपस्थिति में संपन्न हुई मीटिंग में शहर की विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने इलाके में चल रही मोहर्रम की तैयारियों को लेकर जानकारी दी तथा शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मोहर्रम का आयोजन संपन्न कराने के लिए सभी शाखा प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई। अखाड़े के सफल आयोजन एवं मोहर्रम की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन से संपर्क के लिए उस्ताद आरिफ मोहम्मद मेवाफरोश की अध्यक्षता में 21 सदस्यों की मोहर्रम प्रबंधन कमेटी 2025 का गठन किया गया जिसमें अखाड़े से जुड़े असलम पठान ,अनवर हुसैन, मुजफ्फर नागोरी, सलीम बिसायती, मन्नान नागौरी, शाकीर नागौरी, मोहम्मद आरिफ नागौरी के साथ मोहम्मद फरीद (गांधीनगर) अली मंसूरी (आरके कॉलोनी) सलीम शाह (कच्ची बस्ती) मोइनुद्दीन अंसारी (मारुति नगर) आजम खान (गुल नगरी) सैय्यद अय्यूब (भवानी नगर) सोहेल पठान (रेलवे स्टेशन) सोहेल सिलावट (रामनगर) सोहेल पठान (तेजाजी चौक) अल्ताफ हुसैन ( पुलिस लाइन) साजिद हुसैन अंसारी (सांगानेर) सोनू शाह (हुसैन कॉलोनी) आदिल नीलगर (जूनावास) फैजान नीलगर (बाहला) अजहरुद्दीन अंसारी (मंगला चौक) को सदस्य बनाया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मुंबई में अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल ने दिलशाद एस. खान सहित कई हस्तियों को किया सम्मानित














**मुंबई।** शहर में कला, फैशन और सामाजिक सरोकारों को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन शुक्रवार को मुंबई के प्रतिष्ठित मेयर हॉल में किया गया, जिसमें रैंप वॉक और अवॉर्ड शो ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल, जिन्होंने मंच पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया। इस आयोजन की शुरूआत एक संगीतमय माहौल के साथ हुई, जिसके बाद कई प्रतिभाशाली मॉडल्स ने रैंप पर अपने आकर्षक अंदाज में वॉक कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान फैशन, फिल्म, पत्रकारिता और समाजसेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में प्रमुख रूप से दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दुबे, मशहूर अभिनेता अली खान, गिरीश थापर, अभिनेता फय्याज खान और नवाब खान शामिल रहे। सभी को अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल के हाथों अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन कुशल एंटरटेनमेंट की ओर से अंजलि पटेल द्वारा किया गया, जिसमें शैलेश पटेल और अंजलि पटेल के संयोजन और अध्यक्षता में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। आयोजन में विशेष सहयोग रामकुमार पाल, देवदास ग्रुप ऑफ कंपनी, परी क्रिएशन, दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, कोहिनूर इवेंट्स आदि संगठनों का रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोग, मीडिया प्रतिनिधि और दर्शक मौजूद रहे। यह कार्यक्रम न सिर्फ मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि समाजसेवा और प्रतिभा को सम्मान देने की दिशा में भी एक सराहनीय पहल साबित हुआ।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# कपिल शर्मा ने फिर सिद्धू की कुर्सी का उड़ाया मजाक

**कॉमेडी किंग कपिल शर्मा** एक बार फिर अपने नए शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के जरिए दर्शकों को हंसी का फुल डोज दे रहे हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रहा है और पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आए थे। शो की सबसे खास बात ये है कि लंबे समय बाद नवजोत सिंह सिद्धू बतौर जज शो में वापसी कर चुके हैं और उनकी मौजूदगी को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। पहले सीजन में सिद्धू की जगह लेने वाली अर्चना पूरन सिंह अक्सर कपिल के जोक्स का शिकार बनती रही हैं। लेकिन इस बार नए सीजन में दोनों एक साथ दिखाई दे रहे हैं, और उनके बीच की हंसी-ठिठोली ने शो की रौनक और बढ़ा दी है। हाल ही में दूसरे एपिसोड की झलक में कुछ ऐसा देखने को मिला, जिसने दर्शकों को पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया। जब कपिल ने देखा कि सिद्धू शो में नहीं हैं, तो उन्होंने तुरंत अर्चना पूरन सिंह से सवाल किया कि सिद्धू जी कहां हैं? इस पर कैमरा सिद्धू की वैनिटी वैन की ओर कट करता है, जहां सिद्धू अंदर से चिल्ला रहे होते हैं... हैलो! किसी ने दरवाजा बाहर से बंद कर दिया है! कोई है बाहर? इस मजेदार दृश्य ने शो में हंसी का तड़का लगा दिया। कपिल को पूरा यकीन था कि इस पूरी स्थिति के पीछे अर्चना का ही हाथ है। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, गायब तो नहीं कर दिया आपने उन्हें? जिस पर अर्चना ने चुटकी लेते हुए जवाब दिया, मैं क्या नेटफ्लिक्स का कप हूं जो उन्हें गायब कर दूंगी? कपिल ने इसपर फिर ठिठोली की, मतलब आप कप और प्लेट चुराती हैं! इसके बाद जब कपिल ने सिद्धू को कॉल करने की कोशिश की, तो उनका फोन अर्चना के पास ही था और उन्होंने वो कॉल काट दी। अर्चना ने मजाक में कहा, मैंने पहले ही कहा था ना कि वो कॉल नहीं उठाएंगे। वो अब मैच में कॉमेंट्री करने चले गए हैं, तुम अपने शो पर फोकस करो। इस पर कपिल ने चुटकी ली, सिद्धू जी भी ना, एक दिन में दो-दो काम पकड़ लेते हैं।

# शेफाली जरीवाला के निधन से टूटी प्रियंका चोपड़ा

**कांटा लगा** गर्ल शेफाली जरीवाला के अचानक निधन की खबर ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों को गहरा झटका दिया है। 42 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण 27 जून की रात उनका निधन हो गया। इस दुखद खबर से हर कोई सदमे में है, और सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक सभी शोक जता रहे हैं। अब इस कड़ी में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा का नाम भी जुड़ गया है। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए शेफाली की एक तस्वीर शेयर कर उनके असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, मैं हैरान और दुखी हूं। वह बहुत यंग थी। पराग और उनके पूरे परिवार को मेरी तरफ से संवेदनाएं। बता दें कि शेफाली जरीवाला और प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म मुझसे शादी करोगी में एक साथ स्क्रीन शेयर किया था। सलमान खान और अक्षय कुमार स्टारर इस फिल्म में शेफाली का कैमियो रोल था, लेकिन उन्होंने अपने छोटे से किरदार से भी दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके अलावा दोनों कलाकारों के बीच स्क्रीन के पीछे भी एक अच्छी बॉन्डिंग थी। प्रियंका की तरह अभिनेता वरुण धवन ने भी शेफाली के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए मीडिया से संवेदनशील रिपोर्टिंग की अपील की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेफाली अपने आखिरी दिन बिल्कुल सामान्य थीं। यहां तक कि उन्होंने व्रत भी रखा था। लेकिन रात में अचानक कार्डियक अरेस्ट आने के कारण उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014
G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)